दिनांक 4 फरवरी 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर परिषद की पहली बैठक में भिलाई को एक नई पहचान दिलाने पर अहम निर्णय, भिलाई निगम के लिए नए "लोगो"/"मोनो" का होगा सृजन

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के एमआईसी कक्ष में आज प्रातः 11:00 बजे महापौर परिषद के गठन के उपरांत महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता और आयुक्त प्रकाश सर्वे की उपस्थिति में महापौर परिषद की पहली बैठक हुई। पहला प्रस्ताव नगर निगम भिलाई के पहचान को परिलक्षित करने वाला रहा, जिसमें नए "लोगो"/"मोनो" के सृजन पर चर्चा हुई और इसे सर्वसम्मति से परिषद ने पारित किया। जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के तहत वर्तमान में जो नगर निगम भिलाई "लोगो" का उपयोग कर रहा है वह सन 1998 से पूर्व साडा कार्यकाल के दौरान का है। भिलाई निगम के लोगों से भिलाई की पहचान जुड़ी हुई है। इसलिए ऐसे नए थीम और कॉन्बिनेशन के साथ नए लोगों के सृजन की आवश्यकता जरूरी हो गई है। भिलाई निगम के "लोगो" को देखते ही किसी को भी यह समझ आ जाए कि निर्माण या सेवा कार्य के पीछे भिलाई निगम का हाथ है। आज महापौर की परिषद ने ऐतिहासिक निर्णय लेकर नए "लोगो" के सृजन की अनुशंसा सर्वसम्मति से की है। जिससे भिलाई निगम को नई पहचान के साथ आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। नए "लोगो" के सृजन के लिए भिलाई निगम के सभी नागरिकों से सुझाव लिए जाएंगे और सभी वर्गों को इसमें सम्मिलित किया जाएगा। इसके लिए महापौर परिषद के सदस्य चंद्रशेखर गवई , रीता सिंह गेरा एवं आदित्य सिंह को सम्मिलित करते हुए कमेटी भी गठित की गई है। इसके अलावा महापौर परिषद की बैठक में कंप्यूटर ऑपरेटर उपलब्ध कराने का कार्य, 14 वें वित्त आयोग वार्ड 26 ब्लॉक 1 से 21 के पीछे आरटीआर टाइप बिल्डिंग के पीछे एवं वार्ड 27 में सीवरेज लाइन लगाने का कार्य , स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जोन क्रमांक 1, 2, 3 एवं 4 स्थित एसएलआरएम सेंटर में पुनर्चक्रण किए जाने योग्य कचरे के पृथक्कीकरण एवं गीले कचरे से खाद तैयार करने , 77 एम.एल.डी. जल शुद्धीकरण संयंत्र में फिल्टर मीडिया बदलने का कार्य एवं नगर पालिक निगम भिलाई में विभिन्न क्षेत्रों में रिक्त व्यवसायिक/आवासीय/आवासीय सह व्यवसायिक भूखंडों के आबंटन की अनुमति के संबंध में महापौर परिषद की बैठक में चर्चा कर उचित निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त महापौर नीरज पाल ने कहा कि आगामी बैठक में विभाग के प्रभारी एमआईसी सदस्य के संज्ञान में लाकर ही महापौर परिषद में प्रस्ताव प्रेषित करें। आज के महापौर परिषद की बैठक में महापौर परिषद के सदस्य एकांश बंछोर , मन्नान गफ्फार खान , संदीप निरंकारी, सीजू एंथोनी , लक्ष्मीपति राजू , लालचंद वर्मा , नेहा साहू , मालती ठाकुर , केशव चौबे , साकेत चंद्राकर एवं मीरा बंजारे , भिलाई निगम के अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , सचिव जीवन वर्मा , जोन

आयुक्त पूजा पिल्ले, लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर , कार्यपालन अभियंता डी.के. वर्मा , संजय शर्मा एवं सहायक अभियंता कुलदीप गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।